वि. वि. म.
रामकृष्ण महादेव साळगांवकर उच्च माध्य. विद्यालय
कोंब मडगांव गोवा
व्दितीय सत्र परीक्षा

कक्षा : ११ वीं
विषय : हिन्दी
दिनांक: ०५ | ०३ |२०२५
समय : ३ घंटे
अंक: ८०

सामान्य निर्देश :

१. कुल प्रश्न ४२ हैं
२. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
३. दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

## खंड - क ( कुल अंक १५ )

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

मिठाइयो के बाद कुछ दुकानें लोहे की चीजो की है। लडकों के लिए यहाँ कोई आकर्षण न था। वे सब आगे बढ जाते हैं। हामिद लोहे की दुकान पर रुक जाता है। कई चिमटे रखे हुए है। उसे खयाल आया कि दादी के पास चिमटा नही है। तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाता है। अगर वह चिमटा ले जाकर दादी को दे दे तो वह कितनी प्रसन्न होंगी ! फिर उनकी उँगलियाँ कभी न जलेंगी। घर में एक काम की चीज हो जाएगी। खिलौनों से क्या फायदा ? व्यर्थ में पैसे खराब होते हैं। जरा देर ही की तो खुशी होती है। फिर तो खिलौनों को कोई आँख उठाकर भी नहीं देखता है। कुछ समय के बाद टूट फूटकर बरबाद हो जाएँगे। चिमटा कितने काम की चीज है ! रोटियाँ तवे से उतार लो, चूल्हे में सेंक लो। कोई आग माँगने आए तो चटपट चूल्हे से निकालकर दे दो। इसी सोच - विचार में हामिद दुकानदार से तीन पैसों में वह चिमटा खरीद लेता है। चिमटे को देखकर उसके मित्र उसकी खिल्ली उडाते हैं, लेकिन हामिद चिमटे को लेकर बहुत खुश है। वह उसकी तारीफ करने लगता है। कंधे पर रखा, बंदूक हो गई। हाथ में लिया फकीरों का चिमटा हो गया। एक चिमटा जमा दूँ तो तुम लोगों के सारे खिलौनों की जान निकल जाए। तुम्हारे खिलौने कितना ही जोर लगा ले, मेरे चिमटे का बाल भी बाँका नही कर सकते। मेरा बहादुर शेर है - चिमटा। यह सब सुनकर मित्रों ने सोचा कि हामिद बडा चालाक है।

१) हामिद लोहे की दुकान के सामने क्यों रुका ? १
२) 'बाल बाँका न करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। १
३) हामिद लोहे की दुकान पर रुक जाता है। १
( प्रस्तुत वाक्य को भविष्यकाल में परिवर्तन कीजिए )
४) चिमटे को देखकर हामिद के मित्र क्या करते है ? १
५) हामिद के बारे में उसके मित्रों की क्या राय है ? १
६) 'प्रसन्न' शब्द का रूप उपसर्ग लगाकर बदलिए। १

७)) हामिद ने खिलौने न खरीदकर चिमटा क्यों खरीदा ? २

८) हामिद ने अपने चिमटे की तारीफ किस प्रकार की ? २

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

बह गयी उस काल कुछ ऐसी हवा
वह समुंदर ओर आई अनमनी
एक सुंदर सीप का मुँह था खुला
वह उसी में जा पडी मोती बनी ।

लोग यों ही हैं झिझकते सोचते
जबकि उनको छोडना पडता है घर
किंतु घर का छोडना अक्सर उन्हें
बूंद लौं कुछ ओर ही देता है कर ।

९) बूंद समुंदर की ओर कैसे आयी ? १

१०) बूंद कहाँ गिर पडी ? १

११) घर छोडते समय लोग क्या करते है ? १

१२) अंत में बूंद को कौन सा रुप मिला ? १

१३) उक्त पद्यांश में ' गृह ' शब्द के लिए कौनसा समानार्थी शब्द आया है ? १

## खंड - ख ( कुल अंक ४० )

निम्नलिखित पठित काव्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

सबसे खतरनाक वह चाँद होता है
जो हर हत्याकांड के बाद
वीरान हुए आँगनों में चढता है
पर आपकी आँखों को मिर्चो की तरह नहीं गडता है
सबसे खतरनाक वह गीत होता है
आपके कानों तक पहुँचने के लिए
जो मरसिए पढता है
आतंकित लोगों के दरवाजों पर
जो गुंडे की तरह अकडता है ।

१४ ) कविने कैसी आँखों को सबसे खतरनाक कहा है ? १

१५) उक्त पद्यांश के कवि कौन है ? १

१६) उक्त पद्यांश में आए ' मरसिए ' शब्द का अर्थ बताइए । १

१७) कवि ने चाँद को क्यों खतरनाक कहा है ? २

अथवा

अंसुवन जल सीचि सीचि , प्रेम बेलि बोयी
अब त बेलि फैलि गयी , आणंद फल होयी

दूध की मथनियाँ बडे प्रेम से विलोयी
दधि मथि घृत काढि लियो , डारि दयी छोयी
भगत देखि राजी हुयी , जगत देखि रोयी
दासि मीरां लाल गिरधर तारो अब मोही ।

१४) मीरा किसे अपना सबकुछ मानती है ? १
१५) कृष्ण प्रेम में मीरा ने क्या क्या त्याग दिया है ? १
१६ ) मीरा ने अपने प्रेम बेल को किससे सींचा है ? १
१७) मीरा किसे देखकर रोती है और क्यों ? २

**१८) निम्नलिखित काव्यांश का भाव सौन्दर्य स्पष्ट करते हुए शिल्प संबंधी कोई दो विशेषताएँ लिखिए। ( लगभग ५० शब्दों में )** ४

न हो कमीज तो पाँवों से पेट ढँक लेंगे ,
ये लोग कितने मुनासिब हैं इस सफर के लिए।

**अथवा**

नाचने के लिए खुला आँगन
गाने के लिए गीत
हँसने के लिए थोडी सी खिलखिलाहट
रोने के लिए मुट्‌टी भर एकान्त
बच्चों के लिए मैदान
पशुओं के लिए हरी हरी घास
बूढों के लिए पहाडों की शान्ति।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( लगभग ४० शब्दों में )** ६

**१९) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए :**

मेरे तो गिरधर गोपाल , दूसरो न कोई
जा के सिर मोर मुकुट , मेरो पति सोई
छांडि दयी कुल की कानि , कहा करिहै कोई ?
संतन ढिग बैठि बैठि , लोक लाज खोयी
अंसुवन जल सींचि सींचि , प्रेम बेलि बोयी

**अथवा**

झोली फैलाऊँ और न मिले भीख
कोई हाथ बढाए कुछ देने को
तो वह गिर जाए नीचे
और यदि मैं झुकूँ उसे उठाने
तो कोई कुत्ता आ जाए
और उसे झपटकर छीन ले मुझसे।

२०) ' आओ मिलकर बचाए ' कविता में कवयित्री ने आदिवासी समाज के कौन कौन से सकारात्मक और

नकारात्मक पहलुओं को दशार्या है ?

अथवा

२०) ' कवि ने मुर्दा शांति से भर जाना और हमारे सपनों का मर जाना ' सबसे खतरनाक क्यो कहाँ है।

**निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पुछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

**( लगभग १० - २० शब्दों में )**

दोपहर के खाने पर दबे हुए आदमी के चारों ओर बहुत भीड हो गई थी। लोग तरह तरह की बातें कर रहे थे। कुछ मनचले क्लर्को ने समस्या को खुद ही सुलझाना चाहा। वे हुकूमत के फैसले का ईंतजार किए बिना पेड को अपने आप हटा देने का निश्चय कर रहे थे कि इतने में सुपरिटेंडेंट फाइल लिए भागा भागा आया। बोला " हमलोग खुद इस पेड को नहीं हटा सकते। हमलोग व्यापार विभाग से संबंधित है, और यह पेड की समस्या है, जो कृषि विभाग के अधीन है। मैं इस फाइल को अर्जेट मार्क करके कृषि विभाग में भेज रहा हूँ वहाँ से उत्तर आते ही इस पेड को हटवा दिया जाएगा। "

दूसरे दिन कृषि विभाग से उत्तर आया कि पेड व्यापार विभाग के लॉन में गिरा है, इसलिए इस पेड को हटवाने या न हटवाने की जिम्मेदारी व्यापार विभाग पर पडती है।

२१) जामुन का पेड कहाँ गिरा था ? १

२२) कुछ मनचले क्लर्कों ने क्या निश्चय किया ? १

२३) व्यापार विभाग को क्यों गुस्सा आया ? १

२४) " हमलोग खुद इस पेड को नहीं हटा सकते " ऐसा सुपरिटेंडेंट ने क्यों कहाँ ? २

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( लगभग ८० शब्दों में )** १०

२५) मोहन के जीवन संघर्ष का पाठ के आधार पर वर्णन कीजिए ।

अथवा

२५) टयूशन के नाम पर हो रहे शिक्षा व्यापार को रजनी कैसे रोकती है ?

२६) दबा हुआ आदमी कवि है, यह बात कैसे पता चली और इस जानकारी का फाइल की यात्रा पर क्या असर हुआ ?

अथवा

२६) आजादी से पहले भारत निर्माण को लेकर नेहरूजी ने क्या सपने देखे थे ? आजादी के बाद वे क्यों पूरे नही हुए ?

**निम्नलिखित पठित गद्यांश ( वितान ) के आधार पर पुछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

ऐसे क्षेत्रों में बडे कुएँ खोदते समय मिट्टी में हो रहे परिवर्तन से खडिया पट्टी का पता चल जाता है बडे कुओं में पानी तो डेढ सौ दो सौ हाथ पर निकल ही आता है पर वह प्रायः खारा होता है। इसलिए पीने के काम में नहीं आ सकता। बस तब इन क्षेत्रों में कुंइयाँ बनाई जाती है। पट्टी खोजने में पीढियों का अनुभव भी काम आता है। बरसात का पानी किसी क्षेत्र में एकदम " बैठे " नहीं तो पता चल जाता है कि रेत के नीचे ऐसी पट्टी चल रही है।

यह पट्टी वर्षा के जल को गहरे खारे भूजल तक जाकर मिलने से रोकती है। ऐसी स्थिति में उस

बडे क्षेत्र में बरसा पानी भूमि की रेतीली सतह और नीचे चल रही पथरीली पट्टी के बीच अटक कर नमी की तरह फैल जाता है। तेज पडने वाली गरमी में इस नमी की भाप बनकर उड जाने की आशंका उठ सकती है। पर ऐसे क्षेत्रों में प्रकृति की एक और अनोखी उदारता काम करती है। रेत के कण बहुत ही बारीक होते हैं। वे अन्यत्र मिलने वाली मिट्टी के कणों की तरह एक दूसरे से चिपकते नही।

२७) कुई की खुदाई करनेवालो को क्या कहते है ? १

२८) रेत के कण कैसे होते है ? १

२९) पाठ में कौनसे तीन तरह के पानी का उल्लेख किया है ? १

३०) राजस्थान के कौन कौन से क्षेत्रों में कुईयाँ मिलती है ? १

३१) राजस्थान में कुओं की बजाए कुईयाँ क्यों बनवाई जाती है ? २

३२) कुईयों में खडिया पत्थर की पट्टी क्यों महत्वपूर्ण है ? २

३३) उक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और उसके लेखक कौन है ? २

## खंड - ग ( कुल अंक २५ )

**निम्नलिखित माध्यम और लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ५

३४) पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है ?

अथवा

३४) संपादन से क्या अभिप्राय है ?

३५) समाचार किसे कहते है ?

अथवा

३५) कार्टून कोना से आप क्या समझते है ?

३६) पत्रकारिता की प्रमुख बैसाखियाँ कौनसी है ?

३७) संपादकीय पृष्ठ से आप क्या समझते है ?

अथवा

३७) पेज थ्री पत्रकारिता से आप क्या समझते है ?

३८) पत्रकारिता क्या है ?

३९) अमया उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा मनाए गए ‘ स्वतंत्रता दिवस ’ पर ( लगभग १०० शब्दों में ) प्रतिवेदन ( रिपोर्ट ) तैयार कीजिए। ५

४०) माधव /माधवी चावला ,मकान नं० ३३२ , शिवाजीनगर , चिपळूण , महाराष्ट्र से नीचे दिए गये तरूण भारत के विज्ञापन (Advertisement ) के आधार पर आवेदन पत्र तैयार करता \ करती है। ५

आवश्यकता
इतिहास शिक्षक
शैक्षणिक योग्यता - बीए उत्तीर्ण
बी . एड उत्तीर्ण
संगणक का ज्ञान आवश्यक
अनुभव - कम से कम एक साल
आदि पूरी जानकारी के साथ आवेदन करे।
संपर्क
मुख्याध्यापक
संभाजी माध्यमिक विद्यालय
चिपळूण।

४१) निम्नलिखित किसी एक विषय पर फीचर तैयार कीजिए। ( लगभग १०० शब्दों में ) ५

बच्चों का छिनता बचपन

अथवा

स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत

४२) निम्नलिखित गद्यांश का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए : ५

Poverty is a malediction for our society. If you really want to realize what Poverty is , then you must interact with people who live in slums .Talk to them , ask them about their lives, their past and then see how difficult lives have been . I lived a middle class life and always got almost everything that I wanted , even though I had to ask my dad for many a time. I firmly believe that pain ideally is realized by the one who goes through , not by everybody . Indian Government has put in several efforts to improvise their lives . Huge is the number of NGOs , which claim to help the needy but implementation is not up to the mark and the major reasons of Government's failure is nothing but the corruption . In fact , Poverty and corruption go hand by hand . Both are mutually related to a great extent . If you are poor , you tend to do anything and everything that can get you some money and that's where corruption comes from . However , there are numerous example where even the rich are corrupt due to the greediness for having more money .